**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3000**
**उत्तर देने की तारीख 19 मार्च, 2025**

## 4जी संतृप्ति परियोजना

**3000. श्रीमती कमलेश जांगड़े:**
**श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:**
**श्रीमती रूपकुमारी चौधरी:**

क्या ***संचार*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 4जी संतृप्ति परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है और छत्तीसगढ़ तथा गुजरात के दाहोद और अन्य जिलों में अब तक कितना प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है;

(ख) 4जी संतृप्ति परियोजना से छत्तीसगढ़ और गुजरात में कितने गांव और नागरिक लाभान्वित हुए हैं;

(ग) दूरसंचार विभाग द्वारा उक्त राज्यों में आरओडब्ल्यू नियम-2024 का निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु अब तक क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) छत्तीसगढ़ और गुजरात के शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में लघु सेलों के माध्यम से 5जी कनेक्टिविटी को पूरी तरह से आरंभ करने की अनुमानित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) और (ख) 4जी सेचुरेशन परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के 827 कवर न किए गए गांवों और दाहोद जिले सहित गुजरात राज्य के 867 गांवों को 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी के प्रावधान के लिए कवर करने की योजना है। दिनांक 28.02.2025 तक छत्तीसगढ़ राज्य के 442 गाँव (नियोजित गाँवों का 53.45%) और गुजरात राज्य के 647 गाँव (नियोजित गाँवों का 74.62%) इस परियोजना के तहत कवर किए गए हैं।

(ग) दूरसंचार विभाग ने गुजरात और छत्तीसगढ़ राज्यों के साथ दूरसंचार (मार्ग का अधिकार) नियम, 2024 के कार्यान्वयन का काम शुरू किया है। दोनों ही राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में दूरसंचार (मार्ग का अधिकार) नियम, 2024 के कार्यान्वयन के लिए सरकारी आदेश जारी किए हैं।

(घ) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने छत्तीसगढ़ और गुजरात सहित पूरे देश में 5जी सेवाओं का विस्तार किया है और निर्धारित न्यूनतम रोलआउट दायित्व मानदंडों से कहीं अधिक विस्तार कर लिया है।

*****